प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 23.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-





प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 23.02.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थानों में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक, असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस प्रशासन को दें, आपस में शान्ति व सौहार्द बनाये रखें-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर आज दिनांक 23.02.2024 को जनपद के थाना श्रीनगर में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बसौरा में तथा थानाध्यक्ष अजनर द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कैथोरा में, चौकी प्रभारी सुरहा सुजीत जायसवाल द्वारा चौकी सुरहा में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियो के साथ आगामी त्यौहारों यथा- शिवरात्रि, होली, रमजान व अन्य पारम्परित त्यौहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी है।

मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।







महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.02.2025

मीडिया सेल, महोबा

## महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त की कार्यवाही के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है

इसी क्रम में आज दिनांक 23.02.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद में कानून, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ प्रभावी पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान जरुरी प्रपत्र न होने व यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

पैदल गश्त के दौरान की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा दी गयी बाइट

